| |
|---|
| दिनांक 14.05.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 15/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद जालौन/थाना कोतवाली उरई

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त घायल, उपचार के दौरान मृत**
- **01 अवैध पिस्टल 32 बोर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉक 14.05.2023 को थाना कोतवाली उरई, थाना आटा व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10.05.2023 को हुई शहीद आरक्षी भेदजीत सिंह की हत्या में शामिल अभियुक्तों की थाना कोतवाली उरई क्षेत्रान्तर्गत फैक्ट्री ऐरिया चौकी क्षेत्र में घेराबन्दी की गई तो अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। जिसमें प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–कल्लू उर्फ उमेश 2–रमेश घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल, 01 अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, जहॉ उपचार के दौरान चिकित्सकों द्वारा घायल अभियुक्त 1–कल्लू उर्फ उमेश 2–रमेश को मृत घोषित कर दिया गया।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली उरई पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**मृत अभियुक्त**

1–कल्लू उर्फ उमेश निवासी राहिया थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन।

2–रमेश निवासी ग्राम सरसोखी थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल 32 बोर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि।

**जनपद शामली/थाना कोतवाली शामली**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 03 हजार 600 रूपये नगद**
- **लूट के 02 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद**

दिनांक 14.05.2023 को थाना कोतवाली शामली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–कार्तिक 2–पिन्टू घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार कर लूट की घटना के अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 03 हजार 600 रूपये नगद, लूट के 02 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद हुई। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 08/09.05.2023 की रात्रि थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना शामली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बनध में थाना कोतवाली शामली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कार्तिक निवासी पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2–पिन्टू निवासी कासमपुर खेडी बिराल थाना बडौत जनपद बागपत, हालपता थाना कोतवाली जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–लूट के 03 हजार 600 रूपये नगद।

2–लूट के 02 मोबाइल फोन।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

**जनपद सहारनपुर/थाना गागलहेड़ी**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 08 लाख 14 हजार 735 रूपये नगद**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **01 आई फोन बरामद**

दिनांक 14.05.2023 को थाना गागलहेड़ी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर उग्राहू मोड़ के पास से 02 अभियुक्तों 1–संजू 2–भूपेन्द्र को गिरफ्तार किया गया एवं 02 बाल आपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 08 लाख 14 हजार 735 रूपये नगद, चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, 01 आई फोन बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11/12.05.2023 की रात्रि थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संजू निवासी दिनारपुर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।

2–भूपेन्द्र निवासी उग्राहू थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 08 लाख 14 हजार 735 रूपये नगद।

2–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

3–01 आईफोन।

**जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **51 एटीएम कार्ड, 01 पेटीएम स्वैप मशीन**
- **नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन**
- **01 मारूती डिजायर कार आदि बरामद**

दिनांक 14.05.2023 को थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 03 अभियुक्तों 1–प्रदीप 2–राहुल कुमार 3–सौरभ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 51 एटीएम कार्ड, 01 पेटीएम स्वैप मशीन, नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 01 मारूती डिजायर कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त एटीएम मशीन के पास खडे होकर लोगो की मदद करने के बहाने पिन नम्बर देख कर एवं कार्ड बदल लेते है, तथा पेटीएम स्वैप मशीन में कार्ड लगाकर धोखाधड़ी से पेटीएम के खाते में रूपये ट्रान्सफर कर लेते है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रदीप निवासी करतारपुर थाना रोहतक जनपद रोहतक हरियाणा।

2–राहुल कुमार निवासी ग्राम ओरग नगर थाना बुआनी जनपद भिवानी हरियाणा।

3–सौरभ निवासी उगालना थाना वांस जनपद हिसार हरियाणा।

**बरामदगी**

1—51 एटीएम कार्ड, 01 पेटीएम स्वैप मशीन।

2—नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन।

3—01 मारूती डिजायर कार आदि।

———————